संकटग्रस्त भाषाओं का प्रलेखन एवं क्षेत्रकार्य

डॉ. परमान सिंह
सीनियर रिसोर्स पर्सन (एस.पी.पी.एल)
भारतीय भाषा संस्थान मैसूर

भूमिका

भाषाओं के अध्ययन, संरक्षण एवं प्रलेखन का प्रथम सोपान भाषा की रिकार्डिंग एवं उसका लिप्यंकन है। किसी भाषा का चाहे उच्चारण के स्तर पर अध्ययन करना हो या उसका व्याकरण बनाना हो, महानगरों में हो रहे भाषा प्रयोग को जानना हो या शहरी सभ्यता से बहुत दूर पहाड़ों, जंगलों, रेगिस्तानों, टापुओं, द्वीपों इत्यादि में रचे-बसे लोगों की भाषा का अध्ययन करना हो अथवा समुदाय में सामाजिक संरचना के आधार पर भाषाई विविधता का निरुपण करना हो, तो उसका पहला सोपान डेटा संग्रहण होता है। डेटा संग्रहण के लिए क्षेत्रकार्य (Fieldwork) अनिवार्य है। हालाँकि विभिन्न परिस्थितियों में क्षेत्रकार्य की रणनीति विभिन्न होती है, यहाँ हमारा केंद्र बिंदु संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन के लिए किए जाने वाले क्षेत्रकार्य होगा। इस लेख में क्षेत्रकार्य के लिए आवश्यक साधनों, उपकरणों, सूचनाप्रदाता (Informant) के चुनाव के साथ साथ शोधकर्ता से अपेक्षित व्यवहार की भी विवेचना की जाएगी।

क्षेत्रकार्य

जिस भाषा को प्रलेखित करने का आप ने निश्चय किया है उस भाषा समुदाय में जाना, वहाँ से उस भाषा के बोलने वाले सक्षम व्यक्ति/व्यक्तियों से उस भाषा में डेटा रिकार्ड करना क्षेत्रकार्य है। वास्तव में मूल रूप में यही क्षेत्रकार्य है लेकिन अच्छे भाषा वैज्ञानिक क्षेत्रकार्य को थोड़ा लंबा रखते हैं और उस समुदाय में रहकर ही इकट्ठा किए गए आँकड़ों का डेटा तैयार करते हैं, आँकड़ों का विवेचन करते हैं, विवेचन के आधार पर उनकी व्याख्या करते हैं, उस भाषा का व्याकरण तैयार करते हैं, उस भाषा में संभवतया कुछ सृजन करते हैं एवं उसका कोश तैयार करते हैं। उनके लिए यह पूरी प्रक्रिया ही क्षेत्रकार्य है।

पीटर लैडफोगेड (2003:1) ने क्षेत्रकार्य की तुलना हृदय की सर्जरी से की है। लैडफोगेड के अनुसार एक डॉक्टर हृदय की सर्जरी को दूसरों के हृदय की सर्जरी कर के सीखता है ठीक उसी प्रकार दूसरों की भाषा के ऊपर प्रयोग करके ही आप क्षेत्रकार्य में दक्षता हासिल कर सकते हैं। ठीक इसी से मिलती-जुलती कहावत है कि “कटे काहू का, सीखे नाउ का” तात्पर्य यह है कि नाई दूसरों के बाल काट कर ही बाल काटने में दक्ष होता है।

भाषाओं के संदर्भ में क्षेत्रकार्य को करने के कई उद्देश्य हो सकते हैं लेकिन यहाँ सारा संदर्भ संकटग्रस्त भाषाओं का चल रहा है, तो हम क्षेत्रकार्य को करने के उद्देश्यों की चर्चा भी इसी दृष्टिकोण से करेंगे। भाषावैज्ञानिकों के द्वारा किए जाने वाले क्षेत्रकार्य के निम्न उद्देश्य हो सकते हैं-

1. **भाषा का प्रलेखन-** वर्तमान दौर अधिक से अधिक संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखित कर लेने का दौर है। इसलिए ज्यादातर भाषावैज्ञानिकों के क्षेत्रकार्य का उद्देश्य संकटग्रस्त भाषाओं को प्रलेखित कर उनका, व्याकरण, उनका कोश इत्यादि बनाने से है।

2. **भाषा के द्वारा सांस्कृतिक प्रलेखन–** संकटग्रस्त भाषा जिस समुदाय में बोली जा रही है उसकी पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संरचना का भाषा के माध्यम से अध्ययन करने एवं उनके देशी वैज्ञानिक ज्ञान को प्रलेखित करने के लिए।
3. **अनुवाद-** कुछ मिशनरियों ने बाइबिल का अनुवाद देशज भाषाओं में करने के क्रम में क्षेत्रकार्य किया और उन भाषाओं का अपनी सुलभता के लिए व्याकरण एवं कोश तैयार किया।
4. **भाषावैज्ञानिक परिकल्पना को प्रमाणित करने के लिए-** कुछ भाषाविद् थोड़े से आँकड़ों के आधार पर अपनी परिकल्पना कर लेते और फिर उनको प्रमाणित करने हेतु अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय आँकड़ों के लिए क्षेत्रकार्य करते हैं। सैमरिन ने सही ही कहा है कि क्षेत्र (Field) भाषावैज्ञानिकों की प्रयोगशाला है (Samarin 1967: 4)।

डिक्सन (Dixon 2010:309-310) ने भी क्षेत्रकार्य के उद्देश्यों के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए हैं। इन्होंने क्षेत्रकार्य करने के उद्देश्यों को दो भागों में बाँटा है- मुख्य और गौण उद्देश्य। ऊपर जो उद्देश्य बताए गए हैं वे सारे डिक्सन साहब के वर्गीकरण में गौण उद्देश्यों में आते हैं। डिक्सन साहब के अनुसार क्षेत्रकार्य करने के जो दो मुख्य उद्देश्य होने चाहिए वे निम्न हैं-

1. **भाषाविज्ञान सीखने के लिए-** डिक्सन के अनुसार क्षेत्रकार्य ही एक ऐसा रास्ता है जिससे हम भाषाविज्ञान को वास्तव में सीखते हैं। पहले भाषाविज्ञान के सिद्धांतों को पढ़ा जाता है लेकिन उनका प्रयोग क्षेत्रकार्य में करके पूर्णतः समझा जाता है । औषधि विज्ञान का छात्र शरीर रचना एव शल्य क्रिया के बारे में पढ़ता है लेकिन सर्जन बनने से पूर्व वह वास्तविक शल्य को करके सीखता है और धीर धीरे वह सीख कर इतना परिपक्व हो जाता है कि भविष्य में शल्य क्रिया के सिद्दांतों पर किताब भी लिख लेता है। ठीक इसी प्रकार भाषावैज्ञानिक भी क्षेत्रकार्य के दौरान भाषाओं पर (जिन पर किए गए शोधों की संख्या नगण्य हो) वास्तविक रूप में भाषावैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रयोग कर भाषाविज्ञान को सीखता है।
2. **नई भाषाओं पर कार्य करने का बौद्धिक उत्साह-** भाषावैज्ञानिक नई (अप्रलेखित) भाषाओं पर कार्य करके कुछ विशिष्ट निष्कर्षों के प्रति आशान्वित रहते हैं। ऐसे भाषावैज्ञानिक बौद्धिक उत्साह की संतुष्टि के लिए भाषावैज्ञानिक क्षेत्रकार्य में आनंद लेते है और उस भाषा का व्याकरण, कोश इत्यादि लिखकर पढ़ने वालों को भी आनंदित करते हैं। डिक्सन महोदय सामाजिक जिम्मेदारी समझकर संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन के लिए किए जाने वाले क्षेत्रकार्य को अच्छा उद्देश्य नहीं मानते। डिक्सन (Dixon 2010: 310)

माननीय डिक्सन जी द्वारा सूचित दोनों मुख्य उद्देश्य आदर्शवादी ज्यादा हैं व्यवहारिक कम। संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन के लिए किया गया क्षेत्रकार्य भाषा को विवेचित कर सीखने के उद्देश्य से कम संकटग्रस्त भाषाओं के अनुरक्षण एवं प्रलेखन के दबाव में ज्यादा किया जाता है। संकटग्रस्त भाषाओं का अनुरक्षण एवं प्रलेखन सिर्फ भाषावैज्ञानिकों का बौद्धिक उत्साह का परिणाम नहीं अपितु यह पूरा कार्य भाषावैज्ञानिकों, नृजातिवैज्ञानिकों, फोकलोरिस्टों, कंप्यूटर विशेषज्ञों एवं सबसे ज्यादा संकटग्रस्त भाषा बोलने वाले समुदाय के सहयोग से संपादित होता है। यदि व्यक्ति विशेष का भाषा विज्ञान सीखने में कोई बाधा (आर्थिक, पारिवारिक, सामाजिक, मानसिक कोई भी बाधा) आ जाती है या किसी कारणवश उसके बौद्धिक उत्साह में कम आनंद आने लगता है उस परिस्थिति में व्यक्ति शायद संकटग्रस्त भाषाओं के अनुरक्षण एवं प्रलेखन के निमित्त किए जाने वाले क्षेत्रकार्य को छोड़ सकता है परिणामस्वरूप यह कार्य अधर में लटक सकता है। इस प्रकार बहुतेरी संकटग्रस्त भाषाएँ विश्व की नज़र में आए बिना ही समाप्त हो सकती हैं। दूसरे शब्दों में व्यक्ति विशेष के उमंग में कमी संकटग्रस्त भाषाओं का भविष्य डुबो सकता है। मेंरी निगाह में सिर्फ रोजगार के लिए या आर्थिक फायदे को ध्यान में रखकर किया जाने वाला क्षेत्रकार्य प्रशंसनीय नहीं है।

क्षेत्रकार्य प्रारम्भ करने से पूर्व हमें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि हमें क्या रिकार्ड करना है। हालाँकि यह भी किसी भाषाविद् का यादृच्छिक निर्णय नहीं होगा अपितु रिकार्ड करने वाली सामाग्री का निर्धारण परियोजना की प्रकृति एवं परियोजना की समयावधि से अभिप्रेरित होता है। इसलिए हमें सर्वप्रथम व्याकरण बनाना है तो आपको उस भाषा में वाक्यों की रिकार्डिंग पर केन्द्रित होना होगा। कोश बनाना है तो सर्वप्रथम मूलभूत शब्दावली को केन्द्र में लाना होगा और स्वनिमिक तालिका (phonemic inventory) बनाना हो तो शब्द सूची (word list) की रिकार्डिंग करनी चाहिए जिससे उस भाषा में उपलब्ध सभी व्यंजन एवं स्वर चाहे वे स्वनिमिक हो या सह स्वनिमिक हो ये रिकार्डिंग हो जाये।

संकटग्रस्त भाषाओं के संरक्षण एवं प्रलेखन की भारतीय भाषा संस्थान की परियोजना के मुख्य तीन उद्देश्य हैं-

I. व्याकरण बनाना (स्वनिमिक विश्लेषण भी शामिल है)
II. त्रिभाषिक कोश बनाना
III. सामाजिक एवं सांस्कृतिक जानकारी संग्रहण एवं विश्लेषण

अच्छे से तैयार की गई शब्द सूची एवं वाक्य सूची के अलावा किसी भी क्षेत्रकार्य के प्रमुख सोपान निम्न हैं-

1. उपकरण एवं तकनीकी का चुनाव
2. सूचना प्रदाता का चुनाव
3. सूचना का प्रलेखन

इन सभी बिन्दुओं पर क्रमवार जानकारी नीचे दी जाएगी-

उपकरण एवं तकनीकी का चुनाव

भाषाविज्ञान के प्रारम्भिक दौर में जब तकनीकी इतनी विकसित नहीं थी तो भाषा के लिए डेटा संग्रहण पेन से पेपर पर होता था लेकिन जब टेप रिकार्डर का आविष्कार हुआ तो भाषाविदों नें उसका काफी उपयोग किया। 20 वीं शताब्दी के अन्तिम दशक तक भारत में डेटा रिकार्डिंग के लिए टेप रिकार्डिर का प्रयोग होता रहा है। कुछ समय पश्चात भाषा विश्लेषण में कंप्यूटरों का प्रयोग होने से रिकार्डिंग की तकनीक में भी परिवर्तन आया। ऐसे रिकार्डरों का आविष्कार हुआ जिनमें रिकार्डिंग के DAT (Digital Audio Tape) तकनीकी का प्रयोग होता या लेकिन वर्तमान में बहुत छोटे और प्रचालन में सहज रिकार्डर भी मौजूद हैं जिनमें एक छोटे चिप में कई घंटों का डेटा रिकार्ड करके सीधा कम्प्यूटर में स्थानांतरित किया जा सकता है। ये रिकार्डर ध्वनियों को वेब के रूप (Wave form) में रिकार्ड करते हैं जिससे ध्वनियों के सूक्ष्मतम स्तर तक जा करके भी उनका विश्लेषण किया जा सकता है। वर्तमान में कुछ मोबाइलों में भी ध्वनि प्रलेखन की सुविधा है लेकिन उनका प्रयोग ध्वनि विज्ञान में शोध के लिए बहुत उपयोगी साबित नहीं हुआ है। वर्तमान तकनीकी युग में किसी भी भाषा प्रलेखन के क्षेत्रकार्य में निम्न उपकरणों का होना अति आवश्यक है-

क. डिजीटल डेटा रिकार्डर
ख. लैपटॉप
ग. सॉफ्टवेयर
घ. कैमरा
ङ. पेपर, पेन, पेंसिल, रबर इत्यादि

टेप रिकार्डर के दिन लद गए क्योंकि उन्हें कंप्यूटर में प्रयोग करने के लिए डिजिटाइट्ज करना पड़ता है । इसमें डेटा क्षय होता परिणामस्वरूप डेटा की गुणवत्ता में गिरावट आती है। वर्तमान युग डिजिटल युग है और इसके अनेकानेक लाभ हैं इसलिए समय के साथ कदम मिलाते हुए डिजिटल डेटा रिकार्डर का प्रयोग किया जाना चाहिए।

वैसे तो बाजार में अनेकों प्रकार के डिजिटल डेटा रिकार्डर विभिन्न कीमतों में उपलब्ध हैं लेकिन उनको खरीदने से पहले उनके बारे में जानकारी किसी अनुभवी व्यक्ति या इण्टरनेट पर उपलब्ध सूचना के प्राप्त कर लेनी चाहिए। कुछ निम्न बातों पर भी गौर कर लेना चाहिए-

1. रिकार्डर छोटे एवं मजबूत होने चाहिए जिससे उनको क्षेत्रकार्य के दौरान सुरक्षित रखने एवं ढोने में असुविधा न हो।
2. कम से कम 4 GB तक का मेंमोरी कार्ड उसमें लगा हो।
3. रिकार्डर प्रयोक्ता अनुकूल (यूजर फ्रेंडली) होना चाहिए । प्रयोक्ता अनुकूल होने से तात्पर्य ऐच्छिक ध्वनि को बार-बार सुन सकने तथा ध्वनि के छोटे से छोटे खण्ड को जितनी बार चाहे उतनी बार आसानी से सुनने की सुविधा एवं रिकार्डर आसानी से पूरी दक्षता के साथ प्रचालन कर सके।
4. फ्रीक्वेन्सी के प्रति उसका अच्छा रिस्पान्स होना तात्पर्य यह है कि वह कितनी क्षमता के पिच (pitch) की ध्वनि को अच्छे ढंग से प्रलेखित कर सकता है।
5. बिजली जाने पर रिकॉर्डर बैटरी पर स्वतः ही चला जाय अन्यथा बिना रक्षित किया हुआ डेटा क्षय हो सकता है।

मैंने खासी, भीली, गहरी, स्पीती, हक्कीपिक्की इत्यादि भाषाओं में अपने क्षेत्रकार्य दौरान जूम एच 4 हैण्डी रिकार्डर (ZOOM H4 Handy Recorder) (चीन में बना हुआ) एवं इडिरॉल (Edirol R-O9 24 bit WAVE/MP 3 Linear PCM by Roland) रिकार्डर का प्रयोग किया और इनकी गुणवत्ता, प्रचालन में सहजता से काफी प्रभावित रहा। मैने नियंत्रित वातावरण (controlled environment) में डेटा रिकार्डिंग के लिए टसकैम एच डी-पी 2 पोर्टेबल स्टीरियो ऑडियो रिकार्डर (Tascam HD-P2 Portable Stereo Audio Recorder) जो कि जापान का बना हुआ है का उपयोग किया और इसकी गुणवत्ता ने मुझे काफी प्रभावित किया। इसकी गुणवत्ता के बावज़ूद क्षेत्रकार्य में दो कारणों से इसकी अनुशंसा मैं नहीं करूँगा- पहला, इसका आकार बड़ा होने से इसको क्षेत्रकार्य में लाने ले जाने में असुविधा होती है और दूसरी, इसकी सेटिंग्स एवं प्रचालन को सीखने में थोड़े समय की आवश्यकता होती है क्योंकि यह थोड़ी क्लिष्ट है। वैसे वर्तमान में सोनी एवं पैनासोनिक के रिकार्डरों की भी काफी प्रशंसा की जा रही है।

अच्छे रिकार्डर के साथ अच्छी बैटरियों का भी प्रयोग करना ना भूलें। अगर आप रिचार्जेबल बैटरियों का प्रयोग करना चाहते हैं तो अलकालाइन या लीथियम बैटरियों का प्रयोग करें। अलकालाइन बैटरियाँ अच्छे ब्राँड की अच्छी बैटरी खरीदें। सस्ती बैटरियों के प्रयोग से बचें क्योंकि एक तो ये कम चलती हैं और दूसरे इनके लीक होने के संयोग अधिक होते हैं जिससे आप का महँगा रिकार्डर खराब हो सकता है। लीथियम बैटरियाँ महँगी तो होती हैं लेकिन ये अधिक समय तक चलती हैं और अलकालाइन से हल्की होती हैं। आप रिचार्जेबल बैटरियों का भी प्रयोग कर सकते हैं जिनपर समग्र खर्च कम आता है लेकिन चलती भी कम ही हैं। वैसे रिचार्जेबल बैटरियों का प्रयोग करना हो तो नी-काड (Nickel-Cadmium) या नी-एम एच (Nickel-Metal Hydride) बैटरियों का प्रयोग करें।

रिकार्डर में प्रयोग के लिए मेंमोरी कार्ड की क्षमता के बारे में निर्णय लेने से पहले आप यह देख लें कि आपको कितने घंटे की और किस गुणवत्ता की रिकार्डिंग करनी है। सामान्यतया 16 बिट डेप्थ, 44.1 kHz सैंपलिंग रेट पर मोनो चैनल में रिकार्डिंग की सेटिंग पर आप 1 GB की मेंमोरी कार्ड में 3 घंटे की रिकार्डिंग कर

सकते हैं। लेकिन जब आपको 34 बिट डेप्थ, 44.1 kHz सैंपलिंग रेट पर स्टीरियो चैनल में रिकार्डिंग करना हो तो आप 1 GB की मेमोरी कार्ड में मात्र 45 मिनट की ही रिकार्डिंग कर सकते हैं।

कंप्यूटरों के प्रयोग से ज्ञान के सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। क्षेत्रकार्य में लैपटॉप साथ होने से रिकार्ड किए गए डेटा को कंप्यूटर में भेज कर सहेज लेते हैं जिससे रिकार्डर खराब होने या खो जाने पर भी पूर्व में रिकार्ड किया हुआ डेटा कंप्यूटर में सुरक्षित रहता है। क्षेत्रकार्य के दौरान खाली समय में हम कंप्यूटर के सहयोग से रिकार्ड किए गए डेटा का मेटाडेटा बना सकते हैं जिससे भविष्य इच्छित डेटा को ढूँढने में परेशानी नहीं होगी। लंबे समय तक घर से बाहर रहते हुए क्षेत्रकार्य के दौरान हमें घर की याद सताने लगती है या उबन महसूस होने लगती है लेकिन इस वातावरण में कभी-कभी हम कंप्यूटर के सहयोग से गाना सुनकर या सिनेमा देखकर हम अपनी उबन को मिटा सकते हैं या कम कर सकते हैं। हालाँकि यह कार्य कंप्यूटर का गौण कार्य है परंतु कभी-कभी परिस्थिति विशेष में गौण कार्य भी प्राथमिक लगने लगता है।

ऐसे सॉफ्टवेयरों के बिना जिनका भाषावैज्ञानिक अध्ययनों में उपयोग होता है, कंप्यूटर क्षेत्रकार्य के लिए अनुपयोगी होगा। रिकार्ड किए हुए डेटा के संपादन के लिए कूल इडिट प्रो (Cool Edit Pro) एक आवश्यक सॉफ्टवेयर जो सिर्फ विण्डोज वाले कंप्यूटरों पर कार्य करता है। वाक् ध्वनियों के विश्लेषण के लिए प्रात (PRAAT) सॉफ्टवेयर एक बेहतर सॉफ्टवेयर है। इसमें रिकार्डेड डेटा का संपादन कर सकते हैं, उसका लिप्याँकन (Transcription) कर सकते है, स्पेक्टोग्राफ देख सकते हैं, टोन एवं पिच का भी विश्लेषण इस सॉफ्टवेयर की मदद से कर सकते हैं। इसका नवीनतम संस्करण 1.4.8 नवंबर 2014 में आया है। भाषा की फोनोलॉजी बनाने में मदद के लिए फ़ोनोलॉजी असिस्टैंट (Phonology Assistant{ XE "Phonology Assistant" }) सॉफ्टवेयर काफी कारगर है। यह एक बार इनपुट दे देने पर ध्वनियों का वितरण, व्यंजन गुच्छ, फोनोटैक्टिक नियम, सिलैवल इत्यादि का विश्लेषण स्वतः ही कर देता है लेकिन उसके बाद भी हमें एक बार उसके देख लेना चाहिए। संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन में सिर्फ रिकार्डेड ऑडियो डेटा का ही महत्व नहीं होता अपितु हम उनके समुदाय की सामाजिक सांस्कृतिक संरचना, उनका सदियों से उनकी स्मृति में रचा-बसा ज्ञान, उनके धार्मिक क्रिया-कलाप, उनके सामाजिक धार्मिक अनुष्ठान, उनका जीवन-दर्शन इत्यादि का प्रलेखन फोटो एवं विडियो रिकार्डिंग के द्वारा भी करते हैं। भाषा वैज्ञानिकों के लिए फोटो एवं विडियो रिकार्डिंग का संपादन, विश्लेषण एवं संरक्षण के लिए उपयुक्त सॉफ्टवेयर इलैन (ELAN Linguistic Annotator) है। इसको नीदरलैण्ड के मैक्स प्लैंक फ़ॉर साइकोलिंगविस्टिक्सन ने मूक-बधिरों की भाषा (Sign languages) के विश्लेषण एवं व्याख्या को ध्यान में रखकर निर्माण किया है लेकिन इसका प्रयोग सामान्य भाषाओं के लिए प्रलेखित विडियो डेटा के संपादन एवं प्रलेखन के लिए भी भाषावैज्ञानिकों द्वारा खूब प्रयोग किया जा रहा है। अंत में हम कोश बनाने वाले सॉफ्टवेयर लेक्सिक प्रो (Lexique Pro) की चर्चा करेंगे। संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन पर कार्य करने वाले भाषा वैज्ञानिक कोश बनाने के लिए लेक्सिक प्रो (Lexique Pro) सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर रहे हैं। इस सॉफ्टवेयर को सिल (SIL- Summer Institute of Linguistics) की वेवसाइट से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। अभी हाल में ही प्रो. अन्विता अब्बी की संकटग्रस्त अंदमानी भाषा का बहुचर्चित कोश भी इसी सॉफ्टवेयर में बना है। भारतीय भाषा संस्थान में भी एस.पी.पी.एल. प्रोजेक्ट में कोश बनाने के लिए इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि यह सॉफ्टवेयर डेटाबेस आधारित है। यह टूलबाक्स एवं शूबाक्स (Toolbox and Shoebox) द्वारा .txt फाइल में दिए गए उत्पाद को आसानी से अपना डेटाबेस बना सकता है। सबसे अन्त में दो बातों का ध्यान अवश्य रखें। पहला; सभी सॉफ्टवेयरों में हो रहे सुधार एवं

उनके नए संस्करणों पर नज़र अवश्य रखें, एवं दूसरा किसी भी सॉफ्टवेयर में कार्य शुरू करने से पहले कम से कम दो बार उसके प्रयोक्ता नियमावली (User's Manual) को ज़रूर पढ़ें।

अन्त में हमें इतने उत्कृष्ट उपकरणों को साथ रखने के बावज़ूद पेपर, पेन, पेंसिल, रबर इत्यादि को साथ रखना नहीं भूलना चाहिए। कभ-कभी उपकरण छोटे मोटे कारणों से कार्य करना बंद कर देते है ऐसे समय में उन पर अपना समय बर्बाद करने से बेहतर होगा कि आप अपने विश्वसनीय साथी अपने हाथ का उपयोग कर पेपर पेंसिल के साथ प्रलेखन का कार्य प्रारंभ कर दें। वैसे भी आप को क्षेत्रकार्य के दौरान डेटा रिकार्डिंग से बचे समय का उपयोग मेटा डेटा बनाने एवं लिप्यांकन (transcription) के लिए करना चाहिए और लिप्याँकन करने के लिए सबसे उपयोगी उपकरण पेपर और पेंसिल ही हैं।

सूचना प्रदाता का चुनाव

चुनाव शब्द से यहाँ तात्पर्य अच्छे सूचना प्रदाता से डेटा रिकार्ड करने से है। यह 'अच्छा' अपने आप में कई गुण समेटे हुए है जिसकी चर्चा नीचे की जाएगी। सर्वप्रथम हम यहाँ यह कहना चाह रहे हैं कि संकटग्रस्त भाषाओं के सक्षम वक्ता क्या हमें इतनी मात्रा मिलेंगे की हमें चुनने की सहूलियत रहे या बिना चुने हुए सूचना प्रदाता से डेटा रिकार्ड करने से प्रलेखन की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा? कितने भाषा वैज्ञानिकों ने सिर्फ एक या दो बचे हुए वक्ताओं को ही (भले ही मज़बूरी में) सूचना प्रदाता के रूप में लेकर उत्तम गुणवत्ता का प्रलेखन कार्य किया है। इसलिए भाषा की संकटग्रस्तता, भाषा के बोलने वालों की उपलब्धि, भाषा बोलने में सक्षमता एवं वक्ता पर प्रभावशाली भाषा का प्रभाव इत्यादि को ध्यान में रखकर ही सूचना प्रदाता के चुनाव के प्रश्न पर विचार करना चाहिए। यह कोई बहुत आसान कार्य नहीं है। इसमें बड़ी ही सावधानी की आवश्यकता पड़ती है अन्यथा ध्वनि की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ेगा या कभी-कभी मशीन (कंप्यूटर) में प्रयोग करने के उपयुक्त डेटा संग्रहण नहीं हो पाता और अंततः सूचना प्रत्यानयन (information retrieval) में परेशानियाँ आती हैं। अतः क्षेत्रकार्य शुरु करने से पूर्व ही सूचना प्रदाता के चुनाव पर विचार कर लेना समझदारी का काम होगा।

जब आप संकटग्रस्त समुदाय, भाषा या अनजानजनजाति क्षेत्र या सरकार द्वारा रक्षित क्षेत्र में क्षेत्रकार्य के लिए जा रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको वहाँ सक्षम क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी से अनुमति ले लेनी चाहिए। नहीं तो कम से कम उस क्षेत्र के सक्षम प्रशासनिक अधिकारी को सूचना प्रेषित कर देनी चाहिए। दूसरे, आपको वहाँ एक क्षेत्रीय सहयोगी की भी आवश्यकता होगी जो वहाँ की जलवायु, परिवेश, सामाजिक ढाँचे एवं उस जनजाति की सामान्य आदतों से भली-भाँति अवगत हो। आपका सहयोगी कम से कम दो भाषाएँ जानता हो, एक वह भाषा जो संकटग्रस्त भाषा समुदाय के लोग समझते हों और दूसरी वह भाषा जिसे आप समझते हों। यही आप और उस समुदाय के बीच संप्रेषण की कड़ी होगा जिसका आप प्रलेखन करने जा रहें। अगर कोई शिक्षक मिल जाय तो बहुत अच्छी बात है नहीं तो स्थानीय डाकिया भी आपकी मदद कर सकता है। पुजारी और पादरी भी उस कार्य के लिए उपयुक्त हो सकते हैं बशर्ते उन लोगों की आपके कार्य में रुचि हो और वे इसके लिए समय निकाल पाएँ।

संकटग्रस्त जनजातीय भाषाओं में कार्य करना थोड़ा मुश्किल होता है क्योंकि आज भी कुछ जनजातियाँ बाहरी लोगों को पसन्द नहीं करती। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे उनका मानना कि बाहर के लोगों से संपर्क होने से प्राकृतिक आपदाएँ एवं बीमारियाँ आती हैं। हाँ, लेकिन प्रयास करके वहाँ के ग्राम प्रमुख या जनजातीय समिति के प्रमुख से आग्रह करके प्रलेखन का कार्य किया जा सकता है। कभी-कभी सूचना प्रदाता के मन में यह धारणा घर कर जाती है कि अन्वेषणकर्त्ता उनका शोषण कर रहे हैं और अपने इस कार्य से पैसा बनाएँगे। ऐसी स्थिति का भी सामना करने के लिए अन्वेषक को तैयार होना चाहिए। इन परिस्थियों से निबटने के लिए किसी सिद्धांत की आवश्यकता नहीं होती वरन अन्वेषक को खुद अपनी सूझ-बूझ एवं व्यवहार कुशलता से इनका सामना करके प्रलेखन करना होता है।

सूचनाप्रदाता के चुनाव से पूर्व संकटग्रस्त भाषाओं में वक्ताओं के वर्गीकरण पर विचार करना समीचीन होगा। इस विषय पर क्षेत्रकार्य संबंधित साहित्यों में मुख्यतः सैमरिन (Samarin 1967), न्यूमैन एवं रैटलिफ (Newman and Ratliff 2001), क्रॉउले (Crowley 2007), बॉउअर्न (Bowern 2008) इत्यादि ने काम किया है। ग्रीनेवाल्ड एवं बर्ट (Grinevald and Bert 2011) ने अपने लेख वक्ता एवं समुदाय (Speakers and Communities) में संकटग्रस्त भाषाओं एवं इनके प्रलेखन को ध्यान में रखते हुए इनके वक्ताओं के वर्गीकरण पर वृहद् विवेचन प्रस्तुत किया है। ग्रीनेवाल्ड एवं बर्ट ने अपने वर्गीकरण में कुल सात प्रकार के वक्ताओं का वर्णन किया है जो निम्न प्रकार हैं-

1) **कुशल वक्ता** (Fluent Speakers): ऐसे वक्ताओं की भाषाविदों में भाषा प्रलेखन के लिए काफी माँग है। ऐसे वक्ताओं को रूढ़ वक्ता (Traditional Speaker) भी कहा जाता है क्योंकि इनकी भाषा बहुत ही परंपरागत होती है। भाषा की शुद्धता और परंपरागत भाषा के संरक्षण को लेकर दूसरे वक्ताओं की अपेक्षा काफी सतर्क रहते हैं।
2) **अर्धकुशल वक्ता** (Semi Speakers): संकटग्रस्त भाषा समुदाय में ऐसे इस वर्ग के वक्ताओं की भरमार होती है। ऐसे वक्ताओं में ग्रहण कौशल (receptive skills) तो पर्याप्त होता है लेकिन विभिन्न वक्ताओं के उत्पादन कौशल (productive skills) में भिन्नता होती है। इनकी भाषा में थोड़ा परिवर्तन रहता है जिसको समुदाय का कुशल वक्ता अर्धकुशल वक्ता की गलती समझता है। अर्धकुशल वक्ता अपने अधिकांश सामाजिक जीवन का निर्वाह संकटग्रस्त भाषा की अपेक्षा प्रभावशाली भाषाओं में करता है।
3) **अंशतः कुशल / टर्मिनल वक्ता** (Terminal Speakers): अंशतः कुशल या टर्मिनल वक्ता वे हैं जिनका ग्रहण कौशल अर्धकुशल वक्ता से काफी कम होता है और उत्पादन कौशल तो बहुत ही कम होता है। कभी-कभी इनका संकटग्रस्त भाषा ज्ञान बहुत प्रचलित या रूढ़ वाक्यों या शब्दों के प्रयोग तक ही सीमित होता है।
4) **स्मरणशील वक्ता** (Rememberes): कभी-कभी किसी भाषा समुदाय के लोगों के साथ ऐसी घटनाएँ घट जाती हैं कि उनके दबाव के कारण उन्हें अपनी भाषा या अपनी पहचान छुपानी पड़ती है (जैसे नरसंहार के पश्चात पलायन)। क्रमशः वे समय बीतने के क्रम में अपनी भाषा को भूल जाते हैं और सिर्फ प्रभावशाली भाषा का ही व्यवहार करते हैं। ऐसे वक्ताओं को विश्वास में लेकर उनकी भाषा को याद करवाने का प्रयत्न किया जाय तो वे उस भाषा को याद कर के उसके प्रयोग की सीमित दक्षता हासिल कर सकते हैं। ऐसे ही वक्ताओं को स्मरणशील वक्ता कहा जाता है।
5) **आभासी वक्ता** (Ghost Speakers): आभासी वक्ता संकटग्रस्त भाषाओं के ऐसे वक्ता हैं जो कुछ हद तक तो भाषा जानते है लेकिन किसी के सामने वे स्वीकार नहीं करते कि वे उस भाषा को थोड़ा भी जानते हैं। अपनी भाषा की जानकारी को नकारने का मुख्य कारण उस भाषा के प्रति सशक्त नकारात्मक दृष्टिकोण या दूसरों की निगाह में अपनी पहचान न ज़ाहिर करना होता है। ऐसा उन स्थितियों में भी होता है जब लोग प्रभावशाली भाषाओं की तुलना में क्षेत्रीय बोलियों को हेय दृष्टि से देखते हैं।
6) **नव वक्ता** (Neo Speakers): वास्तव में भाषा पुनरुत्थान (language revitalization) का मुख्य उद्देश्य होता है इस प्रकार के वक्ताओं को तैयार करना जो उस भाषा को पहले से नहीं जानते अपितु सीखकर उस भाषा को कुछ सीमा तक प्रयोग करना सीख लेते हैं। इनकी भाषा दक्षता भाषा पुनरुत्थान में पढ़ाई की गुणवत्ता एवं समय, व्यक्ति की भाषा को सीखने की लगन इत्यादि पर निर्भर करती है। इनके द्वारा हासिल भाषा दक्षता के आधार पर इनको पुनः अर्धकुशल वक्ता की श्रेणी में वर्गीकृत किया जा सकता है।

7) **अंतिम वक्ता** (Last Speakers): हालाँकि इस प्रकार की श्रेणी का अस्तित्व संकटग्रस्त भाषाओं के वक्ताओं के वर्गीकरण में नहीं है लेकिन इन वक्ताओं की काफी चर्चा जनसंचार के माध्यमों एवं संकटग्रस्त भाषाओं के प्रलेखन के संदर्भ में होती है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह श्रेणी व्यक्ति विशेष को समुदाय के लोगों द्वारा प्रदान की जाती है या कभी-कभी वक्ता अपने को अंतिम वक्ता घोषित कर देता है। इनका क़द समुदाय में काफी ऊँचा होता है और इस प्रकार ये समुदाय के किसी अन्य सदस्य द्वारा बोली गई भाषा या भाषावैज्ञानिकों द्वारा पहचाने गए भाषा के किसी उच्चारण या वाक्य को आसानी से ग़लत घोषित कर देते है। यह आवश्यक नहीं कि अंतिम वक्ता उसा भाषा का कुशल या अर्धकुशल वक्ता ही हो। कभी-कभी अंतिम वक्ता भी उस भाषा का टर्मिनल वक्ता ही होता है।

सूचना प्रदाता के चुनाव में हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए –

1. पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जिस संकटग्रस्त भाषा का प्रलेखन हम कर रहे हैं वह भाषा सूचना प्रदाता की मातृभाषा हो न की द्वितीय भाषा।
2. मातृभाषा के साथ-साथ सूचना प्रदाता इस भाषा का प्रयोग अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में करता हो।
3. सर्वप्रथम हमें संकटग्रस्त भाषा के प्रलेखन के लिए उस भाषा के कुशल, अर्धकुशल वक्ता को सूचनाप्रदाता के रूप में ढूँढने का प्रयत्न करना चाहिए। लेकिन आपको ऐसा वक्ता न मिले तो आपको कम से कम टर्मिनल वक्ता तो चाहिए ही।
4. भाषा की ध्वनि व्यवस्था (फ़ोनोलॉज़ी) का प्रलेखन करने के लिए ऐसे सूचना प्रदाता की आवश्यकता होती है जिनके मुँह में पूरे दाँत हो, दाँत अखंड हों, उनके बीच रिक्त जगह न हो । इसके अलावा उसके होंठ कटे न हों, नाक से न बोलता हो, उसे सुनने में कोई समस्या न हो अन्यथा वह हमेशा उच्च आवाज (High pitch) का प्रयोग कर सकता है जिससे रिकार्डेड डेटा प्राकृतिक न होकर कृत्रिम लगने लगेगा। हमें यह भी देख लेना चाहिए की सूचना प्रदाता हकलाता, तुतलाता न हो।
5. डेटा प्रलेखन के लिए प्रयास करके ऐसे वक्ता का चुनाव करना चाहिए जिसके बारे में उस भाषा के बोलने वाले लोग भी उसे एक सक्षम और अच्छा वक्ता मानते हो। खासकर संकटग्रस्त भाषाओं के संदर्भ में इसका ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है क्योंकि उस भाषा की मातृभाषा तो उस भाषा समुदाय के सभी लोग बोल लेते हैं लेकिन वास्तव में उस भाषा को सक्षम रूप से एवं धारा प्रवाह बोलने वालों की संख्या कम ही होती है। यह भी देखने में आया है कि समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति को समुदाय के लोग उस भाषा का अच्छा जानकार या वक्ता बताते हैं लेकिन ध्वनि के स्तर पर डेटा के लिए बहुत बुजुर्ग आदमी उपयुक्त नहीं होगा क्योंकि हो सकता है कि उसके आगे के कुछ दाँत टूटे हों या उसकी जबान लड़खड़ाती हो या कभी-कभी एक निश्चित उम्र के बाद लोगों की आवाज में एक कम्पन्न सी होने लगती है जो स्वरों एवं व्यंजनों की गुणवत्ता पर असर डाल सकता है। लेकिन जब आप संकटग्रस्त भाषाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक एव धार्मिक विचारों का प्रलेखन कर रहे हों, उसके ग्राम्य साहित्य का अध्ययन कर रहे हों या संकटग्रस्त भाषा का कोश बना रहे हों तो बेशक एक वृद्ध व्यक्ति एक अच्छा सूचना प्रदाता बन सकता है और आपको अच्छी जानकारी उपलब्ध करा सकता है।
6. कुछ वक्ताओं की आदत होती है प्रत्येक वाक्य के अंत में कुछ विशिष्ट शब्द बोलने की, जिसको आम बोलचाल की भाषा में ठेका या तक़ियाकलाम कहा जाता है। ऐसे सूचना प्रदाताओं से भी बचना चाहिए क्योंकि सेगमेंटेशन, एनोटेशन एवं विश्लेषण के दौरान ऐसे विशिष्ट शब्द काफी समस्याएँ खड़ी करते हैं। इनको संपादित कर हटाने पर एक तो नैतिक मुद्दे खड़े होते हैं और दूसरे संपादित होने पर डेटा पर ही प्रश्न चिह्न खड़ा कर देते हैं। एस.पी.पी.एल. परियोजना के अंतर्गत प्रलेखित संकटग्रस्त भाषा गोजापूरी (ग्राम- खालू, जिला- डोडा, जम्मू एवं कश्मीर) के दिसम्बर 2014 में भेजी गई रिपोर्ट के मूल्याँकन करने के क्रम मुझे एक ऐसा उदाहरण मिला जिसमें सूचनाप्रदाता हर

शब्द या वाक्य के अंत में 'है जी' शब्द का प्रयोग करता था। जैसे रेत के लिए 'रेत है जी रेत', ज़मीन के लिए 'ज़मीन है जी ज़मीन' जिसको सेगमेंट करना बहुत ही कठिन कार्य होगा।

7. हमें ऐसे लोगों को भी सूचना प्रदाता बनाने से बचना चाहिए जो अपनी भाषा को विशुद्ध रूप देने के क्रम में आवश्यकता से अधिक शुद्ध उच्चारण करके अतिशोधन (hyper correction) करने लगते हैं। कुछ भोजपुरी बोलने वालों को मैने भारतीय भाषासंस्थान में ही जो अपने को भोजपुरी भाषी मानने में झिझक महसूस करते हैं वे CIIL (सी.आई.आई.एल.) को अतिशोधन से शी.आई.आई.एल. का भी प्रयोग कर देते हैं। हमें इस प्रकार के सूचना प्रदाता से भी बचना चाहिए।
8. कभी-कभी उस संकटग्रस्त भाषा समुदाय के प्रमुख या सूचना प्रदाता के परिवार वालों को छोटा-मोटा उपहार भी देना चाहिए जिससे संबंधों में नवीनता बनी रहेगी और समुदाय आपको अपना सदस्य समझने लगे।
9. एक सामान्य प्रश्न पर और विचार कर लेना चाहिए कि किसी भाषा के प्रलेखन के लिए एक भाषा से कम से कम कितने सूचना प्रदाताओं से डेटा लेना चाहिए? वास्तव में इस प्रश्न का उत्तर आपकी परियोजना के उद्देश्य, प्रकृति एवं डेटा के उपयोग पर निर्भर करता है। वैसे सामान्यतः एक संकटग्रस्त भाष के प्रलेखन के लिए एक स्थान से कम से कम 6 सूचना प्रदाता से डेटा लेना आदर्श माना जाता है। इससे अधिक हों तो अच्छा ही है लेकिन कभी-कभी 6 सक्षम एवं अच्छा सूचना प्रदाता संकटग्रस्त भाषाओं में मिलना मुश्किल हो जाता है। कितने भाषाविदों ने सिर्फ एक सूचना प्रदाता के डेटा से भाषा-विशेष की ध्वनि व्यवस्था का अच्छा निरूपण किया है। सूचना प्रदाता का विभाजन इस प्रकार होना चाहिए–

उम्र	पुरुष	महिला
16-20	1	1
21-50	1	1
50- से ऊपर	1	1

अगर संभव हो तो इस प्रकार के कुछ और मापदण्डों में से भी इस प्रकार सूचना प्रदाता चुनना चाहिए जैसे- शिक्षित-अशिक्षित, शहरी-ग्रामीण, गरीब-अमीर इत्यादि।

10. महिला एवं पुरुष दोनों समूहों से डेटा इसलिए लेना चाहिए कि महिला एवं पुरुषों की भाषा में शब्दों के स्तर पर उच्चारण के स्तर पर एवं स्वनों के स्तर पर भी कुछ भाषाओं में भिन्नता मिलने की संभावना रहती है। पीटर लैडफोगेड (2003:14) ने अमेजन के वर्षा वनों में बोली जाने वाली भाषा पिराहाँ (Pirahã) का उदाहरण देते हुए बताया है कि जिस परिस्थिति में महिलाएँ /ह्/ ध्वनि का प्रयोग करती हैं उसी परिस्थिति में पुरूष /स्/ ध्वनि का प्रयोग करते हैं। अतः महिला एवं पुरूष दोनों से डेटा लेना अनिवार्य होना चाहिए।

निष्कर्षतः सूचनाप्रदाता के चुनाव में हमें काफी सतर्कता बरतनी चाहिए। इसके लिए अपनी सोच के साथ-साथ अपने सहयोगियों (अगर कोई साथ में हो तो) और भाषा समुदाय के सदस्यों की भी राय लेनी चाहिए। सूचना प्रदाता एक कुशल या अर्धकुशल वक्ता से साथ-साथ स्वभाव में सहज और प्रलेखन के लिए स्वेच्छा से सुलभ हो।

सूचना का प्रलेखन

सूचना प्रदाता का चुनाव कर लेने के पश्चात क्षेत्रकार्य का जो दूसरा प्रमुख कार्य होता है वह है भाषा के प्रलेखन (Recording) का । भाषा प्रलेखन के लिए बहुत तरह के उपकरण प्रचलन में हैं जिनकी चर्चा

ऊपर उपकरण एवं तकनीकी का चुनाव शीर्षक के अंतर्गत की जा चुकी है। भाषा की ध्वनि रिकार्डिंग के समय निम्न बातों का ख्याल रखें-

1. रिकार्डर की सेटिंग्स ठीक रखें। अच्छी रिकार्डिंग के लिए सेटिंग्स में बिट डेप्थ 34 तथा सैंपलिंग रेट 44.1 kHz रखें। मोनो या स्टीरियो (mono or stereo) चैनल अपनी आवश्यकता के अनुसार सेट करें। अगर आपका सूचना प्रदाता सिर्फ एक व्यक्ति है तो मोनो चैनल में रिकार्डिंग करना अच्छा होगा लेकिन अगर सूचना प्रदाता एक से अधिक हैं तो स्टीरियो चैनल में रिकार्डिंग करना ही अच्छा होगा। अगर आप संकटग्रस्त भाषा का ग्राम्यसंगीत का प्रलेखन कर रहें हैं तो स्टीरियो चैनल में रिकार्डिंग करना ही अच्छा होगा।
2. रिकार्डर शुरू करने से पुर्व रिकार्डर की सेटिंग्स, बैटरी की स्थिति, एवं वहाँ का वातावरण को खूब बारीकी से देख लें, अच्छी रिकार्डिंग के लिए खुले स्थान की अपेक्षा बंद कमरा ज्यादा उपयुक्त होगा।
3. शोधकर्ता को वास्तविक रिकार्ड करने वाली ध्वनि और शोर (background noise) के बीच का अन्तर पहचानना होगा। ध्वनि और शोर के बीच के अन्तर के अनुपात को डी. बी (dB) कहा जाता है। सामान्यतया 1 डी. बी का अन्तर ध्वनि और शोर में बहुत ज्यादा फर्क नहीं डालता लेकिन इससे ऊपर का अन्तर समस्या खड़ी कर सकता है (Ladefoged 2003:18–20) । इसलिए वास्तविक रिकार्डिंग प्रारम्भ करने से पहले थोड़ी रिकार्डिंग करके उसके ध्वनि और शोर के बीच का अनुपात देख लेना चाहिए और उसके अनुसार अपने रिकार्डर की सेटिंग ठीक करके ही वास्तविक रिकार्डिंग प्रारम्भ करनी चाहिए। हालाँकि आजकल कुछ सॉफ्टवेयर ऐसे हैं जिनके उपयोग से शोर को कम या बिल्कुल खत्म किया जा सकता है (noise reduction) लेकिन उससे आपके जरूरत की ध्वनियों की भी प्रबलता (loudness) या गुणवत्ता कम हो जाएगी । इसलिए हमें अधिकतम सम्भव प्रबलता पर ही ध्वनियों को रिकार्ड करना चाहिए लेकिन अगर आप रिकार्डिंग नियंत्रित वातावरण (controlled environment) में कर रहे हैं तो रिकार्डर की सेटिंग्स में प्रबलता को ज्यादा बढ़ाना नहीं चाहिए। तकनीकी रूप से एक अच्छी रिकार्डिंग का मतलब होता है शोर रहित ध्वनि रिकार्डिंग।
4. रिकार्डिंग करते समय माइक्रोफोन को हमेंशा मुँह के किनारे पर तकरीबन 3 सेंटीमीटर की दूरी पर रखें। किनारे पर रखने के पीछे का तर्क यह है कि अगर कभी अचानक सूचनाप्रदाता सामान्य से अधिक उँची आवाज में बात करे तो यह अवस्था मुहँ से अचानक तेज निकलने वाले हवा के झोंके के प्रभाव को कम कर रिकार्डिंग की गुणवत्ता को खराब नहीं होने देगा।

लेखक हिमाचल के केलाँग में सूचना प्रदाता श्री दोर्जे मने पा से संकटग्रस्त भाषा गहरी की रिकार्डिंग करता हुआ

5. आपको को यह भी प्रयास करना चाहिए कि अनावश्यक ध्वनियों (background noise) जैसे- हवा की तेज आवाज, मोटर-गाड़ियों की आवाजें, पशु-पक्षियों की आवाजें, खिड़कियों-दरवाजों के खुलने-बंद होने की आवाजें इत्यादि न हो अन्यथा आपकी रिकार्डिंग की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है।
6. वर्तमान समय में विज्ञान हर घर तक किसी न किसी रूप में पहुँच चुका है। ऐसे दौर में विद्युत उपकरणों का हर घर में बोलबाला है। लेकिन ये उपकरण जैसे- टी.वी, पंखे, कूलर की आवाज एवं ट्यूबलाइट की झनझनाहट की आवाज आपकी रिकार्डिंग की गुणवत्ता पर असर डाल सकते हैं।
7. मोबाइल आज सबकी जरूरत है, इसके बिना जिंदगी अधूरी लगती है लेकिन रिकार्डिंग करते समय मोबाइल की घंटी रिकार्डिंग को उतने समय तक के लिए खराब कर सकती है। कुछ शोधकर्ता मोबाइल को वाइब्रेशन मोड में रख कर यह सोच लेते हैं कि अब यह रिकार्डिंग को प्रभावित नहीं करेगा लेकिन यह सच नहीं है। वाइब्रेशन में भी एक ध्वनि निकलती है जो रिकार्डिंग को प्रभावित करती है। अगर आप हेड फोन लगाकर रिकार्डिंग कर रहों तो आप घंटी बजने से पूर्व ही महसूस कर सकते हैं कि किसी के मोबाइल पर कॉल आ रही है।

संदर्भ ग्रंथ-

Bowern, Claire (2008). *Linguistic Fieldwork: A Practical Guide*. New York: Palgrave Macmillan.

Cameron, D. et al. (1992). *Researching language: issues of power and method*. New York: Routledge.

Crowley, Terry (2007). *Field Linguistics: A Beginner's Guide*. Oxford University Press.

Daes, Erica-Irene (1993). *Discrimination against Indigenous peoples: Study on the protection of the cultural and intellectual property of indigenous peoples*. Paper presented to the 45th session of the Commission on Human Rights, Economic and Social Council, United Nations, New York.

Dixon, R.M.W. (2010). *Basic Linguistic Theory: Volume 1-Methodology*. Oxford: Oxford University Press.

Dwyer, Arienne M. (2006). *Ethics and practicalities of cooperative fieldwork and analysis*. In Gippert, Jost, Mosel, Ulrike and Nicolaus Himmelmann, (eds). Fundamentals of Language Documentation: A Handbook (pp. 31-66). Berlin: Mouton de Gruyter.

Grinevald, Colette and Michel Bert (2011). *Speakers and communities*. In The Cambridge handbook of Endangered Languages (45-65). Eds. By Austin, Peter K and Jullia Sallabank. Cambridge: Cambridge University Press.

Ladefoged, Peter (2003). *Phonetic Data Analysis: An Introduction to Fieldwork and Instrumental Techniques*. Oxford: Blackwell.

Newman, Paul and Martha Ratliff (eds.) (2001). *Linguistic Fieldwork*. Cambridge University Press.

Samarin, William J. (1967). *Field Linguistics: A Guide to Linguistic Field Work*. New York: Holt, Rinehart and Winston.

शोध दृष्टि

क्रियोल भाषा या संस्कृति (मॉरिशियन परिप्रेक्ष्य में)

सविता तिवारी

कोई भी भाषा किसी अन्य भाषा से मिलती जुलती हो सकती है, पर उसे उस भाषा का बिगड़ा स्वरूप कहना उचित नहीं है। जिस प्रकार भोजपुरी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, अवधी, आदि भाषाएँ हिंदी के करीब होते हुए भी अपने आप में पूर्ण रूप से स्वतंत्र भाषा एवं संस्कृति को दर्शाती है, उसी प्रकार मॉरिशस की क्रियोल भाषा फ्रेंच के करीब होते हुए भी उससे पूरी तरह भिन्न है। यह भाषा गुलामी और बंधुआ मजदूरों के इतिहास की द्योतक है। इस भाषा में छिपे दर्द का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घर को क्रियोली में "काज" कहा जाता है काज शब्द इंग्लिश के केज शब्द से बना है, जिसका अर्थ है- 'पिंजरा' गुलामों को पिंजरों में जानवरों की तरह बंद रखा जाता था और वही उनका घर बना। उन्हीं पिंजरों में किन परिस्थितियों में क्रियोली भाषा का जन्म एवं विकास हुआ यह अपने आप में इतिहास का विषय है। दोस्तों को आज भी "कमाराद" की संज्ञा प्राप्त है, जिसका अर्थ है कोठरी का साथी। गुलामी की कोठरियों में बच्चों और रिश्तों का जन्म होता था। किसी बात को पूछने के लिए आज भी "कोमो" कहते हैं, जो अंग्रेजी के शब्द कमांड से बना है। गुलामों को केवल आदेश लेने के लिए जबान खोलने की इजाजत थी।

मॉरिशस में 90 प्रतिशत लोगों की बोलचाल की भाषा क्रियोली है। ऐसी विशेषताओं के बावजूद इस भाषा का भविष्य संकट में है। इन्फीरियोरिटी कॉम्प्लेक्स ने इस भाषा को जकड़ लिया है। जो लोग आपस में आराम से क्रियोली में बात कर सकतें है, उन्हें टूटी-फूटी फ्रेंच से जूझते देखना यहां एक आम नजारा होता जा रहा है, खास कर युवाओं में यह प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है। 12 लाख की आबादी वाले इस छोटे से टापू में किसी भी चीज को प्रचलित होने या लुप्त होने में समय नही लगता। इस वर्ष फ्रांसीसियों के आगमन की 300वीं वर्षगांठ मना रहा, यह टापू पूरी तरह फ्रेंच भाषा के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

क्रियोल क्या है -

दो या अधिक संस्कृति या रीतियों के मेल को मानवविज्ञान में क्रियोलीकरण कहा जाता है। वैश्वीकरण के दौर में भाषाओं का क्रियोलीकरण पूरे विश्व में देखा जा सकता है। मुख्य तौर पर अंग्रेजों की प्लांटेशन कॉलोनियों में इस परंपरा एवं भाषा का जन्म हुआ। लुसियाना में क्रियोल शब्द का इस्तेमाल एक विशेष प्रकार के आर्कीटेक्ट के लिए किया जाता है। रीयूनियन आईलैंड में लोकल व्यक्तियों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल होता है,मॉरिशस की बात करें तो यहां क्रियोल भाषा है और अफ्रीकी मूल के व्यक्ति के लिए क्रियोल शब्द का उपयोग होता है। भाषा के रूप में क्रियोल मॉरिशस के अलावा जमाइका, त्रिनिडाड, रियूनियन, लुसियाना के अलावा अन्य कई अफ्रीकी देशों में प्रयोग में लायी जाती है।

क्रियोलीकृत भाषा की उत्पत्ति-

मॉरिशस एक प्राकृतिक टापू नही है इसलिए यहां अपनी कोई आबादी नही है, जो भी लोग हैं, वह सभी बाहर से आए हैं। चौदहवीं शताब्दी अरब लोग यहाँ पर आए, लेकिन यहां पर बसे नहीं। उसके बाद डचों ने इस टापू को आबाद किया। अठारहवीं शताब्दी की शुरुआत में फ्रांसीसियों ने इस टापू को डचों से छीन लिया। फ्रांसीसियों ने यहां गन्ने की खेती शुरू की, जिसके लिए अफ्रीका एवं मेडागास्कर से गुलाम मजदूरों को यहाँ पर लाया गया। यहीं से क्रियोल भाषा के इतिहास की शुरुआत हुई। फ्रांसीसी मालिक से बात करने के लिए जल्द ही गुलामों ने अपनी और मालिकों के समझ की आसान व्याकरण वाली भाषा का विकास किया जो आगे जाकर क्रियोल कहलाई। 1810 में गुलाम प्रथा का बहिष्कार हुआ साथ ही अंग्रेजों ने मॉरिशस को फ्रांसीसियों से जीत लिया। अब 1840 से मुक्त किए गए गुलामों को भारत से लाए मजदूरों से प्रतिस्थापित किया गया। भारत के विभिन्न भाषाई प्रांतों बिहार, कलकत्ता, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश से बंधुआ मजदूरों को अंग्रेज़ यहाँ पर लेकर आए। अब इन मजदूरों के पास भी कॉमन भाषा का अभाव था, यही कारण था कि इन्होंने भी जल्द ही क्रियोल भाषा को अपना लिया।

वर्तमान स्थिति-

90 प्रतिशत मॉरिशस वासियों की आम बोलचाल की भाषा क्रियोली है, बावजूद इसके यहां की कामकाजी भाषा अंग्रेजी और फ्रेंच है। क्रियोल को राजकीय भाषा बनाने के कई प्रयास विफल हुए हैं। 1982 में सरकार ने क्रियोल को मीडिया एवं स्कूलों में लागू करने का भी प्रयास किया जिसका आम जनता में बहुत विरोध हुआ और ऐसा हो न पाया। 2013 में मॉरिशस के स्कूलों में क्रियोल को वैकल्पिक भाषा के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें नामांकन ना के बराबर हैं।

संकट का कारण-

आज भी इसे अफ्रीकी मूल के लोंगों की भाषा समझा जाता है। इसे केवल बोलने की भाषा का दर्जा प्राप्त है, न कि लिखने का। यही कारण है कि इस भाषा का मानकीकरण नहीं हुआ है। एक ही शब्द को भिन्न-भिन्न तरीकों से बोला एवं लिखा जाता है। इसे फ्रेंच के बिगड़े रूप के तौर पर देखा जाता है। माता- पिता सोचते है कि बच्चों को क्रियोली सिखाने से उनकी फ्रेंच बिगड़ जाएगी जो एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है। क्रियोली भाषा ना तो रोजगार से जुड़ी है और ना ही इसमें साहित्य रचना होती है ना ही मीडिया में इसकी जगह है।

निष्कर्ष-

क्रियोली भाषा पर संकट की जड़ें इसके जन्म में ही निहित हैं। निर्मूलन की आबादी से बसे इस टापू का हर व्यक्ति आज भी मानसिक रूप से अपनी जडों से जुड़ा है। चाहे वह अंग्रेज हो या फ्रांसीसी, भारतीय हो या चीनी सब अपनी पहचान अपनी भाषा में खोजते हैं। यहां का हर व्यक्ति सेगा संगीत पर नाचते हुए अपनी सुध-बुध खो देता है, पर मंच पर गाने की बारी आए तो वह अपने समुदाय के गीतों को ही चुनता है। यह बात सामुदायिक तौर पर अच्छी लगती है पर जब देश की बात आती है तो एकता वाली भाषा क्रियोली के साथ सौतेला व्यवहार लगता है। पूरे देश की अभिव्यक्ति की भाषा क्रियोली है पर मातृभाषा केवल 10 प्रतिशत लोगों की है, अब फ्रेंच के बढ़ते वर्चस्व के कारण यह आंकड़ा भविष्य में और भी कम होता नजर आ रहा है।

